>

Title: The Speaker made an observation to the effect that bringing and showing of poster/play card in the House is not permissible.

माननीय अध्यक्ष: आज सदन के अंदर सभी माननीय सदस्य हैं । आज इस बात पर चर्चा हो जाए कि क्या पोस्टर लाना जरूरी है? नहीं है न? माननीय अधीर रंजन जी क्या आपकी सहमति है?

श्री अधीर रंजन चौधरी (बहरामपुर): पहले मुझे अपनी बात तो कहने दीजिए ।

माननीय अध्यक्ष: आप बोलिए । आप सहमति देंगे तो मैं सभी सदस्यों से कहूंगा कि पोस्टर बाहर जाए और जो सदन में पोस्टर लाएंगे, तो उन पर कार्रवाई की जाएगी । आप बताएं, क्या आप इससे सहमत हैं?

…(व्यवधान)

संसदीय कार्य मंत्री; कोयला मंत्री तथा खान मंत्री (श्री प्रहलाद जोशी): सरकार की तरफ से हम पूरे सहमत हैं कि सदन के अंदर पोस्टर, बैनर वगैरह नहीं लाना चाहिए । आपने जो सुझाव दिया है । हम पूरे उसके पक्ष में हैं ।…(व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष: दादा तो ऐसे ही सहमत हैं ।

…(व्यवधान)

प्रो. सौगत राय : हम लोग समर्थन करते हैं । …(व्यवधान)

श्री अधीर रंजन चौधरी : हमारे लीडर बाहर कुछ कहते हैं तो यहां आकर खुद मंत्री जी सदन के अंदर उनका अपमान करते हैं । यह भी बंद होना चाहिए ।…(व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष: मैं पोस्टर की बात कर रहा हूं ।

…(व्यवधान)

श्री प्रहलाद जोशी: अगर यह विषय उठाना है तो उन लोगों के वक्तव्य के बारे में भी हम बोलना चाहते हैं ।…(व्यवधान)

-